प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

आज़ादी का अमृत महोत्सव

12 मई 2023

गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक ने राज्यों के शहरी सहकारी बैंकों के संघों के प्रमुख और प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों (यूसीबी) के सीईओ के साथ बैठक की

गवर्नर, भारतीय रिजर्व बैंक ने आज नेशनल फेडरेशन ऑफ अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक्स एंड क्रेडिट सोसाइटीज लिमिटेड (एनएएफसीयूबी), विभिन्न राज्यों के यूसीबी के चुनिंदा संघों और चुनिंदा यूसीबी के सीईओ के साथ बैठक की। बैठक में श्री एम. राजेश्वर राव, उप गवर्नर, कार्यपालक निदेशक श्री एस सी मुर्मू, श्री सौरव सिन्हा, श्री जयंत कुमार दाश, श्री नीरज निगम के साथ भारतीय रिज़र्व बैंक के कुछ वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

गवर्नर ने अपने उद्बोधन भाषण में, जमीनी स्तर पर बैंकिंग सेवाएं प्रदान करके वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने और आर्थिक संवृद्धि का समर्थन करने में शहरी सहकारी बैंकों द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका की को सराहना की। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय रिज़र्व बैंक एक मजबूत, सुदृढ़ और आघात-सहनीय यूसीबी क्षेत्र के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए सभी हितधारकों को सहयोग की भावना से मिलकर काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने यूसीबी और उनके संघों को, जमाकर्ताओं के हित को ध्यान में रखते हुए सुशासन और जोखिम प्रबंधन को मजबूत करने, उपयुक्त कारोबारी कार्यनीतियों को अपनाने और अपने कारोबार को बनाए रखने तथा विकसित करने एवं अपने ग्राहकों की सेवा करने के लिए उपयुक्त प्रौद्योगिकी समाधानों का पता लगाने हेतु सूचित किया।

प्रतिभागियों ने शहरी सहकारी बैंकों पर लागू विनियामक और पर्यवेक्षी मामलों के संबंध में अपने इनपुट और सुझाव साझा किए। यह निर्णय लिया गया कि स्थायी सलाहकार समिति (एसएसी) की बैठक अब से वर्ष में एक बार के बजाय छह महीने में एक बार आयोजित की जाएगी। यह भी निर्णय लिया गया कि भारतीय रिज़र्व बैंक एक वरिष्ठ अधिकारी को नामित करेगा जो यूसीबी से संबंधित सभी मुद्दों के लिए एकल संपर्क बिंदु होगा और नामित वरिष्ठ अधिकारी के साथ एक औपचारिक बातचीत त्रैमासिक आधार पर आयोजित की जाएगी।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/225